तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 26.3 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




सरकंडा क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित न हो इसलिए हराभरा पेड़ काट दिया गया।

### तहसील से जारी हुआ सर्टिफिकेट, लेकिन तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी

## छात्राओं के बयान से उठेगा मेडिकल में एडमिशन के लिए जारी फर्जी सर्टिफिकेट के रहस्य से पर्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल कालेज में एडमिशन के लिए तहसील कार्यालय से तीन छात्राओं को जारी किया गया ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट फर्जी है, जिसकी रिपोर्ट बनाकर राज्य स्तर पर प्रेषित करने हेतु जानकारी कलेक्टर को सौंप दी गई है।

- सोमवार को होगा छात्राओं व तहसील के कर्मचारियों का बयान दर्ज

चूंकि सर्टिफिकेट तहसील कार्यालय से ही जारी किया गया है, जिससे अब जारी करने में संलिप्त लोगों की पतासाजी के लिए सोमवार को तीनों छात्राओं का विस्तृत बयान लिया जाएगा। बयान होने के बाद ही इस रहस्य से पर्दा उठ पाएगा कि छात्राओं ने सर्टिफिकेट बनाने का जिम्मा किसे दिया था? और जिसे जिम्मा मिला उसने कैसे इस फर्जीवाड़े का अंजाम दिया?

फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट की मदद से शहर की तीन छात्राओं श्रेयांशी गुप्ता, भाव्या मिश्रा व सुहानी सिंह द्वारा नीट की परीक्षा में सफलता पाने का मामला अब तूल पकड़ चुका है। यह कंफर्म है कि सर्टिफिकेट फर्जी है, लेकिन यह भी कंफर्म है कि सर्टिफिकेट तहसील से ही जारी किया गया है। बस उस सर्टिफिकिट पर तहसीलदार के हस्ताक्षर जाली हैं। सोमवार को इस मामले में न केवल तीनों छात्राओं, बल्कि उनसे जानकारी लेकर उन व्यक्तियों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे, जिनसे उन्होंने सर्टिफिकेट बनवाने के लिए संपर्क किया था। मामले में दोनों पक्षों के बयान दर्ज होने के बाद संबंधितों के खिलाफ आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। चूंकि तीनों ही छात्राओं को ईडब्ल्यूएस कोटे से नीट में सफलता मिली थी, जिससे यह तो कंफर्म है कि सर्टिफिकेट के फर्जी घोषित हो जाने के बाद अब इस कोटे से तीनों छात्राओं को एमबीबीएस में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके विपरीत बयान व जांच के बाद प्रशासन द्वारा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा भी की जा सकती है।


इसी आधार पर शहर की तीन छात्राओं का नीट में सलेक्शन

तहसील में प्रकरण प्रस्तुत नहीं और ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट हो गया जारी

ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट पाने के लिए ये पात्रता जरूरी

कार्रवाई की जा रही

प्रस्तुत नहीं हुआ है प्रकरण

हरिभूमि में 30 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### आरोप से बचने छुट्टी के दिन नहीं हुआ बयान

तीनों छात्राओं को ईडब्ल्यूएस का फर्जी सर्टिफिकेट जारी होने का मामला शुक्रवार को सामने आ चुका था, जिसके बाद अब इस मामले में जल्द से जल्द संबंधितों का बयान होना था। इधर शनिवार व रविवार लगातार अवकाश होने व अवकाश के दिनों में बयान लेने पर किसी भी तरह की लीपापोती वाले आरोपों से बचने अधिकारियों द्वारा सोमवार कार्यालयीन दिवस को बयान के लिए निर्धारित किया गया है।

### सर्टिफिकेट संदेहास्पद

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, लेकिन लगातार अवकाश होने के कारण रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत नहीं की जा की है। जारी किया गया ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट संदेहास्पद है। इसीलिए इस मामले में वृहद स्तर पर जांच कराई जा रही है।

**- संजय अग्रवाल**
कलेक्टर

### तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी

तीनों छात्राओं का ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट फर्जी है। प्रारंभिक तौर पर इसकी पुष्टि कर रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत कर दी गई है। इसके बाद मामले को अब विस्तृत जांच में लिया गया है।। यह कंफर्म है कि सर्टिफिकेट यहीं से जारी हुआ है, लेकिन तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी हैं। मामले में किसी गिरोह की भी संलिप्तता दिखाई पड़ रही है।

**- मनीष साहू**
एसडीएम बिलासपुर

### फर्जी सर्टिफिकेट से प्रवेश नहीं होगा

अगर ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट फर्जी है, तो इस कोटे से छात्राओं का एमबीबीएस में प्रवेश नहीं होगा। अगर सामान्य कोटे से बच्चों का प्राप्तांक उस लायक होगा तो जरूर प्रवेश हो सकता है।

**- डा.रमणेश मूर्ति,** डीन
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान







**खबर संक्षेप**

## जंगल मितान के 32 वें स्थापना दिवस पर पांच पर्यावरण मितानों का सम्मान



**बिलासपुर।** पर्यावरण के संरक्षण हेतु जागृति लाने के उद्देश्य से गठित संस्था जंगल मितान का 32 वां वार्षिक समारोह का आयोजन डॉ. विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार, सुप्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ.गिरधर शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.अजय पाठक, डॉ.शंकुतला जितपुते एवं नितिन पटेल पार्षद के आतिथ्य में आयोजित किया गया। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी को जन्मदिन पर अतिथियों ने शाल श्री फल एवं मोमेंटो भेंट करके उनका सम्मान एवं पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ.विनय कुमार पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है। इस हेतु गठित संस्था जंगल मितान का जन जागृति हेतु किया जाने वाला कार्य अनुकरणीय है। सुप्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ.गिरधर शर्मा ने कहा कि पौधारोपण का महत्व पर्यावरण संरक्षण के लिए ही नहीं आध्यात्मिकता के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.अजय पाठक, डॉ.शकुंतला जितपुते अध्यक्ष सेनानी उत्तराधिकारी परिवार एवं पार्षद नितिन पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर, डॉ.राघवेन्द्र कुमार दुबे, डॉ.अंकुर शुक्ला, डॉ.विवेक तिवारी, शत्रुघन जैसवानी, राम निहोरा राजपूत, मंतराम यादव, राजेश सोनार, शीतल प्रसाद पाटनवार, ध्रुव देवांगन, विजय नारायण मिश्रा, सीएम दीक्षित, रमेशचन्द्र श्रीवास्तव, डॉ.उषा किरण बाजपेयी, त्रिवेणी भोई, श्वेता पांडेय, डॉ.रश्मि बाजपेयी, राजीव नयन शर्मा, देवेन्द्र बाजपेयी, नीरज तिवारी, पंकज चौहान, शैलेंद्र शुक्ला, मनहरन पूरी, ओंकार पटेल, प्रदीप नारंग, राम नारायण पटेल सहित बड़ी संखिया में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

## नगर भाजपा के सभी बूथ में सुनी गई पीएम के मन की बात



**बिलासपुर।** भाजपा दक्षिण मंडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 125 वां संस्करण नगर विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर समस्त बुथ में सुना गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल की उपस्थिति में बुथ क्रमांक 77 अज्ञेय नगर वार्ड के संयोजक जय सिंह चंदेल के निवास दक्षिण मंडल में कार्यकर्ता व नागरिकों के साथ सुना गया। अजीत सिंह भोगल ने कहा कि महीने के अंतिम रविवार में समस्त बुथ के अध्यक्षों को नागरिकों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नरेन्द्र मोदी के मन की बात को आवश्यक रूप से सुनना है। इस अवसर पर दक्षिण मंडल के महामंत्री नारायण गोस्वामी, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष नारायण तिवारी, मंडल के उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, बाल गोविंद अग्रवाल, अजय भट्ट, प्रहलाद दुसैया, बबलू राजपूत उपस्थित थे।

## नवीन कन्या कॉलेज में किया गया नशामुक्त भारत अभियान पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर निबंध, चित्रकला, भाषण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. केके भंडारी ने नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि हम स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरे को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। एक नशामुक्त युवा ही स्वस्थ भारत का निर्माता बन सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यतिनंदिनी पटेल और आभार पदर्शन आनंद कुमार यादव ने किया। निबंध प्रतियोगिता में भावना श्रीवास प्रथम, सिद्धि श्रीवास दूसरे और ज्योति पटेल तीसरे स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में ज्योति पटेल पहले, श्वेता पटेल दूसरे और सिद्धी श्रीवास तीसरे नम्बर पर थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आरती सिंह ठाकुर, डॉ. इसाबेल लकड़ा, डॉ. दीपक कुमार शुक्ला, डॉ. ललिता साहू, डॉ. बेला महंत, डॉ. अनुपा तिर्की, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. रश्मि जैन, श्रीमती वंदना राठौर, श्रीमती सुरेखा देवांगन, डॉ. एसके पटेल, डॉ. दीपिका महोबिया, भरतदास मानिकपुरी, श्रीमतली अल्का डडसेना, अमृता चिमनानी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**स्कूल शिक्षा** चौथी, पांचवीं, सातवीं और आठवीं की पाठ्यपुस्तकों में होगा परिवर्तन

# बदलेंगी पाठ्यपुस्तकें, एआई, गगनयान, गंगा नदी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- यह नई किताबें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत तैयार की जा रही हैं
- राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा में नई शिक्षा नीति को लागू किया है, जिसकी शुरुआत इस सत्र से हुई

आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से छत्तीसगढ़ में कक्षा चौथी, पांचवीं, सातवीं और आठवीं की पाठ्यपुस्तकें बदलने जा रही हैं। यह नई किताबें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत तैयार की जा रही हैं और इन्हें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकसित किया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक पाठ्यपुस्तकों के लेखन का कार्य राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने आरंभ कर दिया है। राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा में नई शिक्षा नीति को लागू किया है, जिसकी शुरुआत इस सत्र से हुई है। इस वर्ष कक्षा पहली से तीसरी और कक्षा छठी के पाठ्यक्रमों में बदलाव हुआ हैं। कक्षा पांचवीं की हिंदी पुस्तक 'वीणा' में आधुनिक और पारंपरिक विषयों को शामिल किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), गगनयान, गंगा नदी, और राजा विक्रमादित्य से लेकर राजा भोज तक की कहानियों को स्थान मिला है। विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों, परंपराओं और पर्वों को कहानियों के माध्यम से जानने का अवसर मिलेगा, छात्रों में देश की सांस्कृतिक के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।



### योग, कला और व्यावसायिक शिक्षा जुड़े

शारीरिक शिक्षा, कला शिक्षा, योग व व्यावसायिक शिक्षा को जोड़ा गया नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। कक्षा तीसरी में शारीरिक शिक्षा और योग को शामिल किया गया है, जबकि कक्षा छठी में योग, कला शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा को जोड़ा गया है। इन परिवर्तनों का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि वे केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रहें।

### स्थानीय संस्कृति और पर्व भी शामिल किए गए

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नई किताबों में स्थानीय संस्कृतियों और पर्वों को भी शामिल किया जाएगा। इससे न केवल छात्रों को अपनी जड़ों से जुड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि वे संस्कृति व परंपराओं पर गर्व भी महसूस करेंगे। इसके साथ ही एनसीईआरटी ने एससीईआरटी द्वारा लिखी गई कविता 'कविता का कमाल' को अपनी कक्षा चौथी की पुस्तक 'वीणा' में शामिल किया है। यह कविता छत्तीसगढ़ में कक्षा तीसरी की किताब का हिस्सा है, जिससे राज्य की शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है।

### दी जा रही है ट्रेनिंग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूली पाठ्यक्रमों में बदलाव किया जा रहा है। इसकी शुरूआत हो गई है। शिक्षकों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है।

- **जेपी रथ**, अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी

## कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा

# नॉन इंटरलाकिंग से प्रभावित होगा 18 ट्रेनों का परिचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीआर बिलासपुर रेल मंडल के रायगढ़ स्टेशन में चौथी लाइन को जोड़ने और पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर में अधोसंरचना कार्य के कारण नान इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 18 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें संबंधित स्टेशनों से निर्धारित समय पर रवाना होने वाली ट्रेनें विलंब से और कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।

अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य में अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

वहीं बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 31 अगस्त से 15 सितम्बर तक विभिन्न तिथियो में किया जाएगा। इसकी वजह से 2 सितम्बर को पूरी से चलने वाली 18477 पूरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनिट विलंब से, 3 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 3 सितम्बर को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 4 घंटे देर से, 3 सितम्बर को पूरी से चलने वाली 20472 पूरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट देर से, 18478 को योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पूरी उत्कल एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट देर से, 3 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट विलंब से, 2 सितम्बर को सिकंदराबाद से चलने वाली 17007 सिकन्दराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट देर से, 2 सितम्बर को इंदौर से चलने वाली 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना की जाएगी।

- अधोसंरचना विकास हेतु एसईसीआर में अनेक परियोजनाओं पर हो रहे कार्य

इसी तरह पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग कार्य के कारण 1 सितम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल - भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर, भुवनेश्वर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर, लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल–पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर, पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 22866 पुरी- लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर, लालगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 20471 लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर, पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी–लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर, पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20813 पुरी–जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलाई जाएगी। जोधपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर, विशाखापट्टनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर और अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलाई जाएगी।

## कार्यशाला में छात्रों को दी गई तकनीक की जानकारी



**बिलासपुर।** सीवीआरयू आईटीबीआई में आईआईटी रोपड़, अवध इनक्यूबेशन सेंटर और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाना है।

- प्रदेश के शिक्षण संस्थानों से 100 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

आईआईटी रोपड़ की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को थ्री डी प्रिंटिंग, लेज़र कटिंग व एनग्रेविंग और सीएनसी राउटर जैसी आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। वर्कशॉप में छत्तीसगढ़ के प्रमुख संस्थानों में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर, आईटीआई बिलासपुर, महामाया प्राइवेट आईटीआई, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक तखतपुर, मॉडल आईटीआई कोनी, सोनकर कॉलेज मुंगेली, आईटीआई मुंगेली शामिल हुए। सीवीआरयू के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में भाग लिया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में नवाचार और कौशल विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे क्षेत्र की तकनीकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जो उनके समर्पण और उपलब्धि का संकेत हैं। समापन समारोह में डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.पीके घोष, रजिस्ट्रार डॉ.अरविंद तिवारी तथा डीन अकेडमिक डॉ.जयति चटर्जी मित्रा उपस्थित थे। अतिथियों ने नवाचार केंद्रित शिक्षा के महत्व पर बल दिया और छात्रों को वर्कशॉप में प्राप्त ज्ञान को प्रभावशाली परियोजनाओं में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रविकुमार तिवारी ने धन्यवाद दिया। डॉ.एमके तिवारी, डॉ.सौरभ मित्रा, मारुतिनंदन, डॉ.विवेक शुक्ला, डॉ.दुर्गा शर्मा और इंजीनियरिंग टीम के योगदान की प्रशंसा की गई।

## अग्रसेन जयंती समारोह : पानी, वृक्षों को बचाने अग्रवाल सभा ने लिया संकल्प

**बिलासपुर।** महाराज महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह पर अग्रवाल सभा ने पानी, वृक्षों को अचाने का संकल्प लिया है। पानी बचाने, पेड़ों को बचाने एवं पर्यावरण को लेकर समाज द्वारा एक जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

आवरण कल से कल तक का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जयंती समारोह समिति का अच्छा प्रयास किया जा रहा है। आने वाले भविष्य के लिए और कल के लिए पानी बचाने और पेड़ों को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। सभी काम के लिए हमें सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। सभी समाज मिलकर प्रयास करेंगे तो पौधे भी लगाएंगे और पानी को भी बचाएंगे भी। उन्होने समाज की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि जयंती समारोह समिति ने अग्रवाल समाज के युवाओं ने पानी बचाने का जो जागरूकता अभियान चलाया है, वह प्रशंसनीय है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव अग्रवाल, जयंती समारोह के अध्यक्ष चतुर्भुज अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, शिक्षण समिति के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव नितिन बेरीवाल, अग्रवाल सभा के सचिव सुनील सोथलिया, जयंती समारोह सचिव अनिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, किशन बुधिया, मोनिल निशानियां, कपिल जाजोदिया, अंशुमान जाजोदिया,



अनुराग गोयल, डॉक्टर यश अग्रवाल, प्रसन्न अग्रवाल, आदि चौधरी, प्रत्यूष गर्ग, मयंक निशानियां, स्वप्निल मोदी, अमित रामपुरिया, अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, सचिन वंदना जाजोदिया सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर शहर एवं जिले के 14 से अधिक स्कूलों में पर्यावरण एवं पानी के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एलिमेंट्री स्कूल, सभी चुनिंदा स्कूलों में एक बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई जाएगी।

## खेल दिवस पर सीएमडी कॉलेज में 34 खिलाड़ियों का सम्मान

**बिलासपुर।** 29 अगस्त को महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जयंती के अवसर पर सीएमडी महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की 34 खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है तथा वर्तमान में खेल स्वास्थ्य के साथ-साथ प्राथमिक साधन भी बन गया है। बेहतर खिलाड़ियों को महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष पूरी तरह सहायता दी जाती है। महाविद्यालय में खेल के लिए प्राप्त सुविधा उपलब्ध है। इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राएं बेहतर सुविधाओं का उपयोग कर अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं। क्रीड़ा अधिकारी डॉ.देवर्षि चौबे ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बारे में बारीकी से बताया। प्राचार्य डॉ.संजय सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने क्रिकेट बैडमिंटन बास्केटबॉल हैंडबॉल के विजेता ट्रॉफी हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किए हैं। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे द्वारा मोमेंटो प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्र छात्राओं व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अभिषेक कुमार, मानस



भट्टाचार्य, धीरज खत्री, डोलेश डनसेना, करण बिंद, सूरज चंद्रवंशी, आंचल सोनी, शेख साहिल, परिवेश धर, किशन वर्मा, यमन सिंह ठाकुर ,संदीप पांडे, अनुराग मिश्रा, रोहित भगत, आवेग श्रीवास्तव, चंद्रशेखर पांडे ,अनुराग महंत,रिमी गिडियन, निशा श्रीवास,प्रांजल अगरिया, अक्षत सलूजा आदि खिलाड़ी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ.कमलेश जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.एस पावनी, डॉ.शुमेला चटर्जी, डॉ.विनोद इक्का, रोहित लहरे, नरेंद्र टंडन, अभिषेक सिदार, रामेश्वर पटेल इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एलसीआईटी में खेलों का आयोजन

**बिलासपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन मे राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंडोर गेम्स बैडमिंटन, टेबल टेनिस व शतरंज और आउटडोर गेम्स मे फुटबॉल, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल का आयोजन किया गया, जिसमे छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल एनआईएस कबड्डी कोच ने बताया की हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेल में 500 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्रिंसिपल डॉक्टर अर्चना शुक्ला, एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी प्रिंसिपल डॉक्टर रितेश जैन, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ फार्मेसी



प्रिंसिपल डॉक्टर संदीप गुप्ता, इंजीनिरिंग विभाग वॉइस प्रिंसिपल शुभी श्रीवास्तव व एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस वॉइस प्रिंसिपल अभिनव पाल ने मेजर ध्यान चंद की फोटो पर पूजा माल्यार्पण किया।

बालक वर्ग बैडमिंटन मे प्रथम रैंक आयुश वधवानी, द्वितीय रैंक वैभव पाण्डेय, तृतीय रैंक जतिन वधवानी ने प्राप्त किया। फुटबॉल का फाइनल मुकाबला कॉमर्स एंड साइंस विरुद्ध इंजीनिरिंग विभाग के मध्य खेला गया, जिसमे 3-2 के मुकाबले 1 गोल से कॉमर्स एंड साइंस विजेता बनी। फुटबॉल को असिस्टेंट प्रोफेसर कामेश चंद्राकर ने कराया। बास्केटबॉल का फाइनल मुकाबला कॉमर्स एंड साइंस विरुद्ध इंजीनिरिंग विभाग के मध्य खेला गया, जिसमे 26-24 अंको के मुकाबले 2 अंको से इंजीनिरिंग विभाग ने जीत हासिल की। इस मैच को असिस्टेंट प्रोफेसर आशुतोष जायसवाल ने कराया।

वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला कॉमर्स एंड साइंस विरुद्ध फार्मेसी विभाग के मध्य खेला गया, जिसमे 2-1 सेट से कॉमर्स एंड साइंस विजेता बनी। वॉलीबाल को असिस्टेंट प्रोफेसर संजना कौर ने संपन्न कराया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलो को सफल बनाने के लिए संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय सभी विभाग प्रमुख व प्रोफेसर का विशेष सहयोग मिला।

## राज्य स्तरीय शालेय में खिलाड़ियों ने जीता पदक



**बिलासपुर।** 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कोंडागांव में 28 से 31 अगस्त तक आयोजित थी, जिसमे बिलासपुर संभाग दल, प्रमुख प्रबंधक आरके टंडन के नेतृत्व में 8 जिलों से चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शमालि कराया। इसमें फुटबॉल 19 वर्ष बालक, तीरंदाज़ी 14 ,17 ,19 वर्ष बालक/बालिका एवं मलखंभ 14, 17, 19 वर्ष बालक /बालिका का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में तीरंदाजी के 12 खिलाड़ियों ने गोल्ड, 11 खिलाड़ियों ने सिल्वर, 6 खिलाड़ीयो ने ब्रांच मैडल प्राप्त कर बिलासपुर का परचम लहराया। वहीं मलखंभ में 8 गोल्ड, 14 सिल्वर, 5 ब्रांज मेडल प्राप्त कर बिलासपुर अपनी प्रमुख उपलब्धि प्राप्त की। फुटबॉल 19 बर्ष बालक में चौथे स्थान पर रहकर संतोष जनक स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल में सरगुजा, रायपुर, बिलासपुर तीनों टीम का चार-चार अंक रहा, जिसमें बिलासपुर को चौथा स्थान प्रदान किया गया।

**बिजनेस प्लस**

## अपनामार्ट का बहुप्रतीक्षित होलसेल हफ़्ता 7 तक

**बिलासपुर।** इस सप्ताह परिवारों को मिलेगा राशन और घरेलू सामान पर जबरदस्त बचत का मौका। जून 2025 में पहली बार शुरू हुआ अपनामार्ट व्होलसेल हफ़्ता अब मासिक परंपरा बन चुका है और शहर के परिवारों में बेहद लोकप्रिय है। अपनामार्ट व्होलसेल हफ़्ता में आपका बिल 1000 रुपए या उससे अधिक होने पर पूरी खरीदारी पर व्होलसेल रेट लागू होंगे। यदि किसी परिवार की कुल




मासिक खरीद 4000 रुपए या उससे अधिक हो जाए। चाहे एक ही बार में हो या कई बिलों में तो अपनामार्ट उन्हें मात्र 1 रुपए में विशेष गिफ्ट देता है। पहले के गिफ्ट में किचन चॉपर, छाता, 2 किलो चीनी और फल की टोकरी शामिल रहे हैं, जिनकी प्रशंसा सभी ने की है। अपनामार्ट की खासियत सिर्फ सस्ते दाम नहीं, बल्कि तेज़ सेवा भी है। अपनामार्ट ऐप (प्ले स्टोर और ऐप स्टोर) के जरिए अब ग्राहक घर बैठे 10 मिनट में डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं और व्होलसेल शॉपिंग का मजा ले सकते हैं। अपनामार्ट के प्रवक्ता ऋषभ जैन ने कहा कि अपनामार्ट केवल एक स्टोर नहीं, बल्कि मोहल्ले का भरोसेमंद अड्डा है। व्होलसेल हफ़्ता इस तरह बनाया गया है कि हर परिवार अपने मासिक राशन को अत्यंत किफ़ायती दामों पर खरीद सके। झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में अपनामार्ट के स्टोर भारी खरीददारी के लिए तैयार हैं। अपनामार्ट का व्होलसेल हफ्ता 31 अगस्त से 7 सितम्बर तक है, जिसमें स्टोर से सामान ले जाने के साथ अपने घर में भी सामान मंगाने की सुविधा दी गई है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज का रविवार को प्रदेश स्तरीय तीज मिलन तिहार का आयोजन किया गया।

## जगह-जगह विराजे गौरीसुत


नूतन कला मंच सरकंडा


संकटमोचन नूतन चौक


श्री गणेश समिति तोरवा


विराजे गणपति


सिद्धि विनायक उसलापुर


जागृति गणेश समिति हेमूनगर


समर्थ होनप ने मिट्टी के गणेश बनाकर किया विसर्जन


रामा वर्ल्ड में विराजे गणपति


श्री गणेश समिति रतनपुर

# भगवान गणेश निकले मूषक पर सवार होकर, दिए भक्तों को दर्शन

रेल्वे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी के श्री सुमुख गणेश मंदिर में 5 दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव के समापन पर रविवार को प्रातः साढ़े 5 से 6 बजे तक गणपति हवन, 7 से 10 बजे तक रूद्राभिषेकम, अभिषेकम, सहस्रनाम अर्चना, महादीप आराधना की गई। सुबह 10 बजे से भक्तों ने भगवान का दर्शन किया।









**बिलासपुर।** शाम 5 से 7 बजे तक चंदन लेपन, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना, महादीप आराधना की गई। शाम साढ़े 7 बजे श्री सुमुख गणेश अपने मूषक वाहन में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने हेतु निकले। रथयात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तारबाहर, महेश स्वीट्स तक जाकर वापस अपने मंदिर आकर समाप्त हुई। रथयात्रा बाजे गाजे सहित आतिशबाजी के साथ निकाली गई। अंत में भण्डारा कर प्रसाद वितरण किया गया। उत्सव को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों व सेवादारों का सहयोग रहा।



### बच्चों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजस्व कॉलोनी स्थित संजय हाइट्स में गणेश उत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। 5 वर्ष की पंकजा सोनी ने कान्हा सो जा जरा.. गीत पर आकर्षक नृत्य पेश किया। वहीं 5 वर्षीय शोभित ने अन्ना के अंदाज में चश्मा लगाकर प्रस्तुति दी। रूही ने राधा बनकर नृत्य, भव्या ने देवा श्री गणेश.. गाने में मनमोहक नृत्य कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### ओम गार्डन रेसिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी में सुंदरकांड

गणेश पूजा के पावन अवसर पर ओम गार्डंस सोसाइटी तथा महर्षि आध्यात्मिक जागरण अभियान के तहत जनजागरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सोसायटी के सभी सदस्यों ने मिलकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया, सुंदरकांड की मंगलमयी वाणी से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी रही, सभी ने मिलकर गणपति बप्पा और हनुमान जी से सुख-समृद्धि तथा समाज की उन्नति की प्रार्थना की।

## राधा अष्टमी पर बरसाने की तर्ज पर की गई पूजा



**बिलासपुर।** शहर के राधा कृष्ण मंदिरों में एवं माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई। सरोज राठी के निवास स्थान अंबा होम्स टिकरापारा में बरसाने की तर्ज पर पूजा कार्यक्रम हुआ।

मंदिर व पूरे घर को फूलों व गुब्बारों की लड़ियों से सजाया गया था। राधाजी का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए गए। भजन कीर्तन हुआ। इससे वातावरण राधामय बना रहा। सभी ने राधे-राधे का संकीर्तन किया।सरोज ने सभी को बधाईयां बांटी। बधाई गीत गाकर नृत्य किया। समाज की महिलाओं ने एक से बढकर एक राधाजी के भजन गाए। सभी सखियां राधा रानी की वेश में रहीं। भोग लगाकर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। अंत में सभी सखियों ने छप्पन भोग का महाप्रसाद ग्रहण किया। विशाल भंडारे के साथ पर्व का समापन हुआ। श्रृंगार सामग्री बांटी गई। इस मौके पर सरोज, चारू, प्रिया, निकेश, निखिल, किरण, सरिता, नीता, ममता, सुधा, संगीता, मंजू, शीला, ज्योति, निलम, अंजना, पूजा, आरती, रेखा, दीपाली, पूनम, सोनाली, सरोज, हेमलता, मोना आदि सखियां उपस्थित थीं।

### फूलों व गुब्बारों की लड़ियों से मंदिरों को सजाया गया



## महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी पूजा शुरू

**बिलासपुर।** महाराष्ट्रीयन परिवारों में रविवार से महालक्ष्मी की विशेष पूजा शुरू हुई। तिलक नगर के गुप्ते, टिकरापारा के कायरकर परिवार सहित अन्य परिवार के लोगों ने पूजा स्थल की विशेष सजावट कर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सनातन धर्म में व्रत और त्योहारों का विशेष महत्व होता है। महालक्ष्मी व्रत इनमें से एक है। इस व्रत में मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। यह व्रत भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से शुरू होता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति विधि-विधान से महालक्ष्मी व्रत करता है, उसके घर में माता लक्ष्मी का वास होता है, जिससे धन, वैभव में बढ़ोतरी होती है। महालक्ष्मी व्रत के पहले दिन रविवार को वैधृति योग प्रातः काल से लेकर दोपहर 3 बजकर 59 मिनट तक रहा। इसके बाद विष्कम्भ योग बन रहा है। महालक्ष्मी व्रत का विशेष महत्व बताया गया है।



### महालक्ष्मी भगवान को नैवेद्य भोग लगेगा

उसलापुर निवासी शुभम देशपांडे परिवार के यहां रविवार को महालक्ष्मी स्थापना की गई,सोमवार को पूजन किया जाएगा। उसके पश्चात महालक्ष्मी को नैवेद्य का भोग लगेगा जिसमें सोलह प्रकार की सब्जी व सोलह प्रकार की चटनी एवं मिष्ठान का भोग अर्पित किया जाएगा।





### जावलकर निवास में महालक्ष्मी की स्थापना

महामाया विहार निवासी प्रदीप जावलकर के घर में महालक्ष्मी की स्थापना की गई। प्रतिवर्ष महालक्ष्मी की स्थापना की जाती है। जिसमें 16 प्रकार की सब्जी एवं भोग लगाया जाता है, 2 सितंबर को पूजा के बाद विसर्जन किया जायेगा।

### चोपड़े परिवार के यहां विराजी लक्ष्मी

घर पर श्री महालक्ष्मी की स्थापना हुई, तीन दिनों तक पूरे संयुक्त परिवार द्वारा इनकी उपासना, पूजन, महाभोग, और हल्दीकुंमकुं का आयोजन होगा। नगर में संदीप चोपड़े, दत्तात्रय शिंगले, प्रवीण दिघरस्कार, अतुल चोपडे, बालू दिग्रस्कार, श्रीकांत शिंगले, अभय विठालकर, श्रीकांत वलिम्बे, चंद्रप्रकाश देवरस, इत्यादि अनेको घरों में आगामी तीन दिवस तक देवी पूजन की धूम रहेगी।





## ब्राह्मण महिला कल्याण समिति का तीज मिलन



परशुराम ब्राह्मण महिला कल्याण समिति द्वारा राधा अष्टमी के अवसर पर सुहागिन पूजा एवं तीज मिलन के अवसर पर पौधरोपण कर भजन कीर्तन किया गया। भजन की धुन पर सैकड़ो महिलाएं झूम कर नृत्य कर आनंद लिया। मुख्य रूप से परशुराम ब्राह्मण कल्याण समिति की संरक्षिका राजश्री मिश्रा, शोभा मिश्रा, रेखा पांडे, नंदनी दुबे अध्यक्ष उमा त्रिपाठी, राम कुमारी शर्मा, संतोष शर्मा, राजश्री दीवान, पूनम पांडे, गायत्री दुबे, राधा मिश्रा, अनामिका दुबे, पिंकी तिवारी, प्रतिभा शर्मा, श्वेता अवस्थी, ललिता मिश्रा, सरोज मिश्रा, कृष्णा पांडे, प्रेमलता दुबे, लता शर्मा, आशा पांडे, संगीता तिवारी सहित बहनों ने भाग लिया।

## तीजहारिन श्रृंगार में गायत्री, स्मिता रही विजेता

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज का रविवार को प्रदेश स्तरीय तीज मिलन तिहार का आयोजन किया गया। इसमें कई प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें समाज की महिलाओं, युवतियों व बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। तीजहारिन श्रृंगार प्रतियोगिता में गायत्री शुक्ला को प्रथम, स्मिता मिश्रा को द्वितीय स्थान मिला। इन्हें सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में भगवान शिव-पार्वती की पूजा की गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ी कलेवा की प्रदर्शनी लगाई गई। इसका सभी ने अवलोकन कर स्वाद चखा। इसके बाद विविध प्रतियोगिताएं कराई गई। तीजहारिन श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रतिभागी महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पहुंची। इनसे तीजा से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सही जवाब देने वालों को इनाम एवं तीजहारिन की उपाधि दी गई। फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चे राधा-कृष्ण सहित अन्य वेश में रहे। मेहंदी, रंगोली व डांस में बच्चों से लेकर बड़ों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।




## काछी समाज का तीज मिलन



काछी समाज द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम किया गया,जिसमें समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें, यह आयोजन काछी समाज के सामुदायिक भवन कुदुदंड में रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल मौजूद थे।

# फरा, देवरानी-जेठानी मंदिर व प्रदेश का पहला एआई सेंटर जैसे प्रश्न पूछे

व्यापमं ने रविवार को डार्क रूम असिस्टेंट, ऑग्जीलरी समेत अन्य पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की। यह परीक्षा शहर के 14 केन्द्रों में आयोति हुई जिसमें 4 हजार 834 पंजकृत अभ्यथी में से 2 हजार 217 ने परीक्षा दिलवाई। परीक्षा पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 11 बजे से 1:15 बजे तक आयोजित की गई।

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लेकिन अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार 10.30 बजे बंद कर दिया गया। परीक्षा केंद्रों में भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड द्वारा जैमर तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में एक कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गई थी। अभ्यर्थियों को हैंड मेटल डिक्टेटर तथा हाथों से तलाशी अर्थात फ्रिस्किंग भी की गई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया की प्रश्नपत्र के आसन प्रश्न होने से पेपर अच्छे से हल हुआ हालाकि गणित विषय के कुछ प्रश्नों ने जरूय गुमाय मगर अन्य विषय आसान होने से पेपर अच्छे से बना। प्रश्नपत्र में हिन्दी,सामान्य ज्ञान, रिजनींग व गणित विषयों के प्रश्न पूछे गए,जिसमें छत्तीसगढ के बारे में अधिकांश प्रश्न पूछे गए जिसमें छत्तीसगढ का प्रसिध्द व्यंजन फरा,देवरानी-जेठानी का मंदिर,ऐसे दो संभाग जिसमें जिले की संख्या एक है,जैसे कई प्रश्न पूछे गए। व्यापम की इस परीक्षा में कुल 19 पदों पर भर्ती होगी, इसमें डार्क रूम असिस्टेंट, आग्जीलरी, इंकमैन, इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर आदि के पद हैं। जिसमें पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है।

### व्यापमं की परीक्षा रविवार को हुई




### सरल प्रश्नपत्र से कटऑफ बढ़ेगा

अभ्यर्थी रितेश साहू ने बताया की इस परीक्षा में पूछे गए प्रश्न सरल होने से सभी अभ्यर्थियों का पेपर अच्छा बना है। इससे कटऑक का मार्क्स अधिक जाएगा। इस परीक्षा में उनको भी लाभ मिलेगा जिन्होंने मॉडरेट तैयारी की थी,मगर प्रश्न पत्र ने उनका पेपर को खान बना दिया।

### घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट टोपी प्रतिबंधित

फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित किया गया है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी आदि ले जाने पर प्रतिबंध रहा। परीक्षा के पूर्व ही निर्देशित किया गया था कि अनुचित साधनों के उपयोग पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।

लाइफ Style



# जाह्नवी
## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा


**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

टीवी मसाला



# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो



हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?

# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।



### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गई। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गाड्र्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी



तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।

## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

*मुंबई। 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यतः रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटोग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा का विरोध प्रदर्शन आज

**बिलासपुर।** बिहार राज्य में राहुल गांधी की आमसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता को लेकर कोंग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अभद्रतापूर्ण शब्दों के इस्तेमाल के विरोध में सोमवार को युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करेंगे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता मीडिया के समक्ष कांग्रेस को घेरेंगे। दोपहर 12.30 बजे लखीराम ऑडिटोरियम हॉल में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जिले के सभी विधायकों की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करेंगे। वहीं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैंड में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करेंगे। इसमें जिले भर से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

### जाम ने किया लोगों को हलाकान



**बिलासपुर।** रविवार की शाम शहर की सड़कें खचाखच भरी रहीं, इस दौरान लोग शाम के खुशनुमा मौसम का आनंद लेने बाहर निकले और ज्यादातर सड़कें जाम रही। उसलापुर से मंगला चौक तक 4 से 7 बजे तक जाम लगता रहा, यही हाल राजकिशोर नगर, तोरवा ब्रिज, जूना बिलासपुर, गोल बाजार सहित कई इलाकों में सड़कों पर गाड़ियों का रेलमपेल लगा रहा। बताया जा रहा है कि गणेश प्रतिमाओं को निहारने के लिए लोग बाहर निकले, रविवार का दिन होने के कारण शहर में अच्छी खासी भीड़ रही।

### 11 केवी में आई खराबी बंद रही बिजली



**बिलासपुर।** सुबह से ही टिकरापारा, करबला रोड जैसे इलाकों में बिजली की समस्या रही, सुबह से जारी बिजली की आंखमिचौली दोपहर तक जारी रही, इस दौरान 11 केवी के तार में आई खराबी के चलते घंटों बिजली बंद रही, जिससे उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी। इस दौरान टिकरापारा क्षेत्र में सुबह से ही पीने का पानी नसीब नहीं हो सका, लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ा। लोगों की शिकायत है कि इस दौरान पीजीबीटी सबस्टेशन और फ्यूज कॉल का नंबर बंद होने के कारण उपभोक्त शिकायत भी दर्ज नहीं करा पा रहे थे, कुछ लोगों ने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद मरम्मत कार्य किया गया है।

### जेठा समपार आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु बंद



**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-बाराद्वार स्टेशनों के मध्य पर स्थित मानव सहित समपार जेठा फाटक को 2 सितम्बर मंगलवार को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आवश्यक लाईन मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित सकरेली रोड ओवरब्रिज से उपलब्ध है।

---

**बीमारी** वार्ड नंबर 37 इंदिरा नगर के यादव मोहल्ला में फैला पीलिया

# पीलिया से एक की मौत, 15 बीमार, निगम, स्वास्थ्य विभाग का अमला नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में एक बार फिर पीलिया पैर पसार चुका है, वार्ड नंबर 37 इंदिरा नगर के यादव मोहल्ला में 15 से अधिक लोग पीलिया से ग्रसित हैं। इस दौरान पीलिया के पीड़ित 1 युवक की मौत हो चुकी है। वहीं लोगों के बीमार होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी नहीं है, जबकि क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है। इसके बावजूद क्षेत्र में पानी की सप्लाई को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं और गंदा पानी पीने की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं।

- मितानिन और एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल में होने का असर

इंदिरा नगर वार्ड में इन दिनों पीलिया का कहर बरपा हुआ है, क्षेत्र के 8 परिवार के 15 से अधिक लोगों को पीलिया के शिकायत है। इस बीच एक व्यक्ति की मौत पीलिया से हो चुकी है। बताया जा रहा है कि स्कूल के सामने आकाश सिंह ठाकुर पिता विमल सिंह ठाकुर की मौत पीलिया के चलते हो चुकी है। वहीं विकास रजक पिता सूरज रजक 15 वर्ष, काव्या विश्वकर्मा पिता शंकर विश्वकर्मा 5 वर्ष, धानी विश्वकर्मा पिता अमित विश्वकर्मा 12 वर्ष और शुभम देवांगन पिता मनोज देवांगन 20 वर्ष की तबीयत नाजुक है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों का आरोप है कि बोर के पानी में निगम के अधिकारियों ने अमृत मिशन का पाइप लाइन जोड़ दिया है, जिससे एक माह से गंदा पानी आ रहा है, इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की गई है लेकिन ना तो क्लोरिन की दवा का वितरण किया गया है और ना ही अमृत मिशन के गंदे पानी की सप्लाई बंद की गई है।



इंदिरा नगर वार्ड में पानी सप्लाई की दूषित जगह, वार्डवासियों से चर्चा करते पार्षद।

### क्या कहते हैं लोग

- बच्चों की तबीयत लगातार बिगड़ रही है, मोहल्ले के कई घर इससे प्रभावित हैं। हमारे घर में भी गंदा पानी आ रहा है, निगम के अधिकारी बात सुनने को तैयार नहीं है। - **रामप्यारी निर्मल**
- अमृत मिशन का पाइप लाइन बोर के पाइप लाइन से जोड़ा गया है, बारिश के बाद पानी में नाली की बदबू आ रही है और पानी मटमैला है। इसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को फोन से दी गई है लेकिन आज तक कोई देखने नहीं पहुंचा है।- **रामकुमार देवांगन**
- निगम के अधिकारियों की लापरवाही क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है, पीलिया के मरीज हर घर से निकल रहे है, एक की मौत हो चुकी है। जिम्मेदार लोगों के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। - **कृष्णा राज**

### स्वास्थ्य विभाग बेखबर

गंभीर बात यह है कि मितानिन और एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर हैं, दोनों के फील्ड स्टाफ है और ऐसे मामलों में इन्हीं कर्मचारियों के सहारे स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों के साथ ही ईपीडीमिक स्थिति की जानकारी मिलती है। क्षेत्र में पीलिया फैला हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी नहीं मिल रही है, ऐसे में प्रभावित क्षेत्र का सर्वे, दवा वितरण, जांच सब ठप पड़ चुका है।

### जानकारी नहीं मिल पाई है

हमारा फील्ड स्टाफ अभी हड़ताल पर है। जिसके चलते जानकारी नहीं मिल पाई है। निगम के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

-डॉ प्रभात श्रीवास्तव
नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग

### एक दो लोगों को पीलिया है

पानी की समस्या वाली बात नहीं है। हमने वार्ड में सर्वे किया है, लिकेज जैसा कुछ नहीं है। जिस व्यक्ति की मौत हुई है वह अन्य कारण है। एक दो लोगों को पीलिया की शिकायत है।

-अनुपम तिवारी
जल शाखा, नगर निगम

---

तखतपुर के निगारबंद स्थित पाठ बाबा मंदिर में हुई वारदात

# अवैध संबंध के संदेह पर पुजारी की हत्या, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/तखतपुर

बीती रात तखतपुर के निगारबंद स्थित पाठ बाबा मंदिर के पुजारी की अवैध संबंध के संदेह पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

- शनिवार की देर रात हुई वारदात

तखतपुर पुलिस के अनुसार, निगारबंद परसाकांपा निवासी जागेश्वर पाठक उर्फ मोटू पिता स्व. राजकुमार पाठक 30 साल सिद्धबाबा पीठपाठ बाबा मंदिर के पुजारी थे। इसके पहले उनके पिता मंदिर के पुजारी थे। उनकी मृत्यु के बाद से वे मंदिर की देखरेख में पूजा पाठ कर रहे थे। शनिवार की रात 8 बजे वे घर से खाना खाकर मंदिर में सो गए थे। देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा जागेश्वर पाठक पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी हत्या कर दी। उनके सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान है। रविवार की सुबह 6 बजे उनकी मां अहिल्या बाई पाठक फूल व चाय लेकर बेटे को देने के लिए मंदिर गईं तो वहां बेटे की खून से लथपथ लाश दिखी। उनके चीखने चिल्लाने से आसपास के लोग मंदिर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मंदिर में पुजारी की हत्या की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस के आला अफसर, फोरेंसिक टीम, एसीसीयू टीम सर्चडाग लेकर मौके पर पहुंच गई। पुलिस मृतक के छोटे भाई कलेश्वर पाठक की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई। देर रात तक पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया है।






हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी।

### एसएसपी पहुंचे मौके पर

हत्या की खबर मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एएसपी अर्चना झा, एसडीओपी नुपुर उपाध्याय से घटना की जानकारी ली। उसके बाद हत्यारों को पकड़ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम



जांच के दौरान पुलिस को मौके से एक जोड़ी चप्पल मिली है। एसीसीयू टीआई अजहरुद्दीन ने बताया कि मंदिर के बाजू में बरेला निवासी सुरेश धुरी पत्नी के साथ रहकर अधिया में खेती कर रहे थे। जिससे पुजारी व महिला के बीच बातचीत होती रहती थी। इससे उसका पति पुजारी से अवैध संबंध होने का संदेह कर पत्नी से मारपीट करने लगा। महिला पति को छोड़कर मायके में रहने लगी। एसीसीयू टीम ने मुख्य आरोपी सुरेश धुरी के बहनोई मुकेश धुरी, ममेरा भाई हेमकुमार धुरी चकरभाठा, बसिया सिरगिट्टी एक नाबालिग व छोटू महराज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को पता चला है कि चारों ने सुरेश धुरी के साथ मिलकर बाइक के शाकप, ईंट पत्थर से हमला कर हत्या करना स्वीकार कर लिया है। देर रात पुलिस ने मुख्य आरोपी सुरेश धुरी को धमतरी से गिरफ्तार कर लिया है। सुरेश धुरी ने चारों को पहले छककर शराब पिलाई उसके बाद वारदात को अंजाम दिया था।

---



गिरफ्तार बदमाशों को कान पकड़कर उठक बैठक कराती पुलिस।

# सरकण्डा क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 10 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने सरकण्डा क्षेत्र में ग्रुप बनाकर अशांति फैलाने वाले 10 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 31 अगस्त को सरकण्डा पुलिस ने चिंगराजपारा, रपटा चौक, चांटीडीह, अशोकनगर में विशेष अभियान चलाकर ग्रुप बनाकर अशांति फैलाने वाले सैय्यद सद्दाम अली पिता सैय्यद महबूब अली 30 साल भूकंप अटल आवास, जय सिंह राजपूत पिता महेश सिंह 25 साल भूकंप अटल आवास, गोलू कुमार गंधर्व उर्फ राधे पिता स्व. झगरूराम गंधर्व 38 साल देवनचाल चिंगराजपारा, रोशन ध्रुव उर्फ रोशन पिता रामू गोंड़ 25 साल किसानपारा चांटीडीह, दिनेश निर्मलकर पिता रामजी 35 साल चांटीडीह, कृष्ण कुमार कैवर्त्य पिता मदनलाल 35 साल लिंगियाडीह, नवल वर्मा पिता लीलाराम वर्मा 22 साल देवनचाल चिंगराजपारा, परमेश्वर उर्फ पुक्की केंवट पिता बजरहा केंवट 23 सा किसानपारा चांटीडीह, सागर साहू पिता महादेव साहू 25 साल डबरीपारा, प्रहलाद मराठा पिता स्व. लखन मराठा 37 साल देवनचाल चिंगराजपारा निवासी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### मस्तूरी टीआई ने पुलिस लाइन भेजने दिया आवेदन

**बिलासपुर।** मस्तूरी टीआई ने पुलिस लाइन भेजने एसएसपी को आवेदन दिया है। इससे जिले में थानेदारों का बड़ा फेरबदल होने की संभावना बढ़ गई है। 27 अगस्त को मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर के द्वारा एसएसपी को स्वास्थ खराब होने व रिटायरमेंट को मात्र तीन माह शेष होने का हवाला देते हुए पुलिस लाइन तबादला करने का आवेदन दिया है। इधर तीन दिन पहले जांच के नाम पर बाइक सवार महिलाओं को रोककर परेशान करने पर हिर्री टीआई अवनीश पासवास को निलंबित कर दिया गया था। अब तक हिर्री थाने में नए थानेदार की पोस्टिंग नहीं की गई है। वहीं पिछले कुछ दिनों से थानों में पुलिसकर्मियों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। इससे विभाग में एक बार फिर जिले के कई थानेदारों के फेरबदल होने जोरों से चर्चा है।

### आग लगाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पूर्व सरपंच को जान से मारने की धमकी देकर घर में आग लगाने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, 2 साल पहले ग्राम कोड़िया के पूर्व में सरपंच धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर में आग लगा दी गई थी। उक्त मामले में फरार आरोपी कौड़िया निवासी राज कुमार केंवट पिता घनाराम केंवट 28 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

---

# आंखों के लैंस में हो रही लूट, इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोतियाबिंद आपरेशन के बाद लगने वाले इंट्राआक्युअर लेंस की मुनाफाखोरी रोकने को लेकर इंजीनियर्स पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन ने पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर की सीलिंग प्राइज निर्धारित करने की मांग की है। एसोसिएशन ने ड्रग्स एवं कास्मेटिक एक्ट 1940 और ड्रग प्राइज कंट्रोल 2013 के आदेशों का हवाला दिया है।

- डीपीसी के तहत सीलिंग प्राईज निर्धारित करने की मांग

कंपनी और अस्पताल के सीडिकेट के जरिए मरीजों को बड़ी चपत लगाई जा रही है। 750 रूपए की खरीदी कीमत के लेंस 15 हजार रूपए के एमआरपी पर मरीजों के आंखों में लगाई जा रही है। दरअसल मोतियाबिंद के आपरेशन में ज्यादातर हाईड्रोफोबिक फोल्डेबल मोनोक्रोमेटिक इंट्राआक्युअर लेंस लगाए जाते हैं।

जिसमें कंपनी गैलेक्सी फोल्ड हाईड्रोफोबिक क्लियर फोब द्वारा 20 गुना कीमत, अप्पा स्वामी सुपर फोब 6 गुना, केयर ग्रुप अल्टीमा प्लस नेचुरल 6 गुना, एल्कॉन एक्रीसाफ 3 गुना और कार्ल जाइस सीटी लुसिया 3 गुना कीमत वसूल रहा है। कुछ समय पहले महाराष्ट्र सरकार के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा इंट्राआक्युअर लेंस की प्राइजिंग के लिए नेशनल फार्मासूटिक प्राइजिंग अथॉरिटी को इंट्राआक्युअर लेंस को डीपीसी के तहत निर्धारित मूल्यों में बेचने का अनुरोध किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों के कर्मचारी और पेंशनरों के लिए लागू कैशलेस स्वास्थ्य योजना में भी इंट्राआक्युअर लेंस लगाने के नाम पर लूट मची हुई है। 1 अप्रैल से 30 अगस्त तक 150 से अधिक मोतियाबिंद के आपरेशन किए गए है। खास बात यह है चहते डाक्टरों को बिल सब्मिट करने के 10 दिनों के भीतर भुगतान किया जा रहा है, वहीं कुछ डाक्टरों को एसोसिएशन के नाम पर अनुचति तरीके से डिस्काउंट देने से रोका जा रहा है।

एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि बिना कारण कैशलैस आपरेशन को रोकने वाले डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने, इंट्राआक्युअर लेंस को अधिसूचित कर ड्रग प्राइज कंट्रोल के अंतर्गत लाकर मरीजों के साथ होने वाले लूटपाट को रोकने की मांग की गई है।

### स्टेशन में मसाज करा सकेंगे यात्री

**बिलासपुर।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सफर के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की थकान दूर करने तथा उन्हें आराम की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्टेशन के गेट नम्बर 1 के पास मशीनीकृत अत्याधुनिक मसाज लाउंज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । इस मशीनीकृत अत्याधुनिक मसाज लाउंज सुविधा का विधिवत शुभारंभ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन ने किया। विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया लाउंज यात्रियों को अपनी प्रतीक्षा अवधि का सदुपयोग करने का अवसर देगी। यहां आकर यात्री अपने सफर के तनाव को दूर कर तरोताज़ा महसूस कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है और उन्हें आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। यात्री बेहद किफायती दर पर इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

# 6 दिनों का मिला शेड्यूल, विमान की कमी के चलते 4 दिन की सुविधा

**बिलासपुर।** बिलासपुर से दिल्ली की फ्लाइट हफ्ते में 6 दिन के बचाए 4 दिन ही चल रही है। अलायंस एयर के पास विमान की भारी कमी है ऐसे में शेड्यूल होने के बाद भी दिल्ली की उड़ान में कमी कर दी गई है। इससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली की फ्लाइट पूरी तरह से सीटें फुल जा रही है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि अलायंस एयर द्वारा बिलासपुर से दिल्ली के बीच उड़ानों कम कर दी गई है, यह विडंबना है। 2021 में एयरपोर्ट शुरू किया गया, इस दौरान एक सप्ताह में 8 उड़ाने दिल्ली पहुंचती थी, रविवार को दो बार उड़ान भरी जाती थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है, सप्ताह में 4 या 5 दिन ही दिल्ली की उड़ान यात्रियों को मिल रही है। इसका असर यह है कि शनिवार को टिकट मिलना ही बंद हो गया था। बिलासपुर से दिल्ली का किराया 8 हजार रूपए हो चुका है, वहीं इसके बाद भी यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि अलायंस एयर विमान की संख्या बढ़ाए या सरकारें नई एयरलाइन्स कंपनी के लिए रूट दे। रविवार को बद्री यादव, रशीद बख्श, रामशरण यादव, समीर अहमद,अशोक भंडारी, महेश दुबे, मनोज तिवारी, प्रकाश बहरानी, चित्रकांत श्रीवास, अमर बजाज शेख शामिल रहे।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, कुल योग= | | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# एक पखवाड़े बाद भी हथकड़ी खोलकर थाने से भागे बलात्कार के आरोपी को नहीं पकड़ पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हथकड़ी खोलकर थाने से भागे बलात्कार के आरोपी को कोनी पुलिस एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पकड़ नहीं सकी है। पुलिस की लापरवाही से आरोपी बेखौफ होकर घूम रहा है।

कोनी पुलिस ने अपराध क्रमांक 365 / 25 धारा 137, 2, 64, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट के मामले में मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह पिता कमलेश्वर सिंह 20 साल को 14 अगस्त को गिरफ्तार कर थाने में रखा था। उसकी सुरक्षा में रात 9 बजे से 15 अगस्त की सुबह 9 बजे तक आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव की ड्यूटी लगाई गई थी। सूत्रों के मुताबिक, रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी थाने के गार्ड रूम में रात 2 बजे तक बैठे, उसके बाद सो गए। पुलिसकर्मियों को खर्राटे मारते देख आरोपी स्वरित सिंह हाथ में बंधी हथकड़ी को निकालकर आराम से थाने से भाग गया था। पुलिस ने प्रधान आरक्षक बालेश्वर प्रसाद तिवारी की रिपोर्ट पर फरार आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर आरक्षक रविशंकर जगत, प्रदीप पाव को निलंबित कर खानापूर्ति कर ली है, लेकिन एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोनी पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। आरोपी के खुले घूमने से पीड़िता पर खतरा मंडराने लगा है।

### नहीं बनाई गई कोई टीम

आरोपी के भागने पर कोनी पुलिस एक दो दिन इधर उधर हाथ पैर मारकर शांत बैठ गई है। उसे पकड़ने के लिए कोई टीम तक नहीं बनाई गई है। जबकि गंभीर मामले के आरोपी के भागने पर बकायदा पुलिस टीम बनाकर पतासाजी की जाती है।




गोवा-बाम्बे

महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच

6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर

राशि:-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए तुषार का चयन



**मस्तूरी।** आरकेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा बाजार में कक्षा बारहवीं के छात्र तुषार सेन का राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 2025-26 के लिए गौरेला पेंड्रा मरवाही में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में वे प्रदर्शन करेंगे। तुषार सेन मस्तूरी विकास खंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भटचौरा निवासी वीरेंद्र सेन एवं साधना सेन के सुपुत्र हैं।

### टिकरीपारा में जगराता भजन संध्या आज



**तखतपुर।** भव्य जगराता एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन 1 सितम्बर को बाल गंगाधर गणेश उत्सव समिति द्वारा टिकरीपारा में आयोजित किया गया है।

### फरहदा के ग्रामीण आज करेंगे चक्काजाम

**जरहागांव।** विद्युत समस्या को लेकर फरहदा के ग्रामीण एक सितंबर को चक्काजाम करेंगे। फरहदा की सरपंच रत्ना मिलन कुर्रे ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायती में ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल का लगातार मांग की जा रही है। फिर भी इस और विद्युत विभाग का कोई ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। उक्त समस्याओं का निराकरण यदि 3 दिवस के भीतर नहीं किया जाता है तो एक सितम्बर को समस्त ग्राम एवं ग्राम पंचायतवासियों के द्वारा बरेला विद्युत सब स्टेशन के पास चक्काजाम किया जाएगा।

## निधन

### धन्नू जायसवाल



**बिलासपुर।** रामायण चौक चांटीडीह निवासी धन्नू जायसवाल का 31अगस्त को 2 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे ईश्वर जायसवाल, परमेश्वर जायसवाल, मन्नू जायसवाल के भाई, पवन जायसवाल, के मामा एवं चंद्रप्रकाश (छोटू), अजय (पुक्कू) जायसवाल के पिता थे।

### कमला देवी श्रीवास



**बिलासपुर।** रतनपुर निवासी कमला देवी श्रीवास का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनकी अंत्येष्टि गृहग्राम रतनपुर में संपन्न हुई। वे स्वश्री लल्लू श्रीवास की पत्नी एवं गोरे श्रीवास, रज्जन श्रीवास, रज्जू श्रीवास की माता थीं।

### सुलोचनी बाई देवांगन



**बिलासपुर।** श्रीमती सुलोचनी बाई देवांगन (पति) स्व. जयलाल देवांगन का 30 अगस्त को रात्रि 11.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 अगस्त को भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक देवांगन की मां एवं हरिप्रसाद, रतन, मदन व सत्यनारायण की बड़ी भाभी थीं।

### जमुना बाई लहरे



**मोपका।** ग्राम मोहरा के प्रतिष्ठित नागरिक छेदीलाल सूर्यवंशी की धर्मपत्नी व पत्रकार टीआर लहरे की मां श्रीमती जमुना बाई लहरे का 30 अगस्त को निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। वे दुजराम, प्रेम, राजकुमार, रामकुमार, रामस्नेही लहरे व राजकुमारी सूर्यवंशी की मां थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोहरा के मुक्तिधाम में किया गया।

### केदार सिंह परिहार




**मुंगेली।** ग्राम केसतरा निवासी केदार सिंह परिहार का 30 अगस्त को निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ की आत्मा को शब्दों की छांव देने वाले सुप्रसिद्ध रचनाकार "छत्तीसगढ़ ल छांव करे बर मैं छानी बन जातेंव" जैसी कालजयी पंक्ति के सृजनकर्ता, छत्तीसगढ़ रत्न एवं क्षत्रिय समाज के पुरोधा थे। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे हरि सिंह, विनिया सिंह और प्रतिज्ञा सिंह के पिता थे। वे अपने पीछे पुत्र, नाती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं साहित्यकार मौजूद रहे।

## दिन को जंगल और रात होते ही पहुंच जाता है गांव में

# मरवाही के मटियाडांड़ क्षेत्र में उत्पात मचा रहा हाथी

**मकान व फसलों को पहुंचा रहा नुकसान, रतजगा कर रहे ग्रामीण**





हाथी ने तोड़ा ग्रामीण का मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भरींडांड़

मरवाही वन परिक्षेत्र के बीट मटियाडांड़ कक्ष क्रमांक पीएफ 2002 में दो दिनों से एक हाथी विचरण कर रहा है। दिन में जंगल के अंदर मस्त स्छन्द विचरण करता है और शाम होते ही भोजन के तलाश में गांव की ओर आता है। गांव में कच्चे मकानों को तोड़कर वहां रखे अनाज को चट कर जाता है। यहां के रहवासी लोग दूसरों के पक्के मकान की ओर भाग कर अपने और अपने परिवार की किसी तरह से रक्षा कर रहे हैं और रतजगा करने के लिए मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार जीपीम जिले में मरवाही वनमण्डल के मरवाही वन परिक्षेत्र के बीट मटियाडांड़ कक्ष क्रमांक पीएफ 2002 में दो दिनों से हाथी विचरण कर रहा है। हाथी की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। चार हाथियों का दल मध्यप्रदेश के जैतहरी वन परिक्षेत्र में 45 दिन बिताने के बाद मालाडांड़, सिवनी, मरवाही पहुंचे। दो हाथी पसान कटघोरा वनमंडल की ओर चले गए एक हाथी पुनः मध्यप्रदेश की ओर लौट गया और एक हाथी मरवाही में रुक गया। वन विभाग के कर्मचारी भी निरंतर गजराज की निगरानी में मशाल जलाकर रतजगा कर रहे हैं और हाथी को जंगल की ओर भगाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा वन विभाग के पास कोई भी ठोस रणनीति नहीं है जिससे मानव जंगली जानवरों के बीच द्वंद्व को रोका जा सके। परिसर रक्षक दानीकुड़ी राजकुमार बंजारे ने बताया कि दल से बिछड़ा हुआ एक हाथी इन दिनों मरवाही वन परिक्षेत्र में पन्द्रह दिनों से विचरण कर रहा है जो कि किसानों के फसलों को कच्चे मकानों को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसा ही मामला बीती रात में दानीकुंडी में चार मकानों को तोड़ दिया जिनमें पंचराम कोटवार, कुमान सिंह, पिता जगत सिंह, कुमान सिंह पिता गोदुल, तारकेश्वर पिता अजित सिंह के मकान शामिल हैं। इसके अलावा फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया है जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है जिससे इनको क्षतिपूर्ति की जा सके। वन समिति के सभापति राधा मुरारी लाल रैदास ने त्वरित निरीक्षण कर तुरंत उचित मुवावजा दिलवाने की बात कही है।

## कौड़िया के पूर्व सरपंच पर हमला करने वाला बदमाश 2 साल बाद गिरफ्तार



**सीपत।** सीपत पुलिस ने शनिवार को दो वर्षों से फरार चल रहे कौड़यिा के पूर्व सरपंच पर हमला करने वाले बदमाश राजकुमार केवट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से तीन स्थायी वारंट जारी थे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया।

आरोपी राजकुमार केवट पिता घनाराम केवट, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम कौडिया (गौटियापारा) की गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। टीआई ने बताया कि आरोपी राजकुमार केवट लंबे समय से फरार चल रहा था। इस पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। लगातार उसकी पतासाजी की जा रही थी और आखिरकार मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

### गुरुद्वारे से नकद समेत 54 हजार का माल पार





**करगी रोड कोटा।** गुरुद्वारे में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने लोहे के गुल्लक से 18 हजार नकदी और 2 चांदी के खंडे करीब 36 हजार पार कर दिए। कुल मिलाकर करीब 54 हजार के सामान व नकद की चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कोटा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर गुरुद्वारे और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इस चोरी की वारदात से स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## हाफ नदी पर बांध बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक



बैठक में शामिल ग्रामीणजन।

**सेतगंगा/मुंगेली।** अन्नदाता संघर्ष समिति द्वारा नहर की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रत्येक साल बारिश को लेकर संकट में आने वाले सेतगंगा परिक्षेत्र के 10 किलोमीटर ग्राम के लगभग 25 गांव के किसानों की श्रीरामजानकी मंदिर परिसर के सामुदायिक भवन सेतगंगा में बैठक सम्पन हुई, जिसमें लगभग 300 किसान शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कबीरधाम के बोड़ला तहसील के बकेला ग्राम में हाफ नदी पर बांध बनाकर सेतगंगा परिक्षेत्र के 84 गांव को सिंचित किया जा सकता है। ग्राम बिजातराई से शीतलदह और कोसमतरा, भाठा, भुरका से केसली, टेढ़ाधौरा, नारायणपुर, भालापुर आदि बीच के गांव को सिंचित किया जा सकता है। इस विषय पर मांग हेतु निर्णय लिया गया। वर्तमान में प्रथम चरण में कलेक्टर को ज्ञापन देकर सूचित करने, मांग पूरा नहीं होने पर आगे आंदोलन का निर्णय लिया गया। साथ ही वर्तमान समय में बिजली व यूरिया खाद समस्या को लेकर किसान संघ के सभी व्यक्तियों ने निर्णय लिया कि कल जिले के कलेक्टर को दोपहर 1 बजे ज्ञापन देंगे। यूरिया खाद की समस्या को अवगत कराएंगे।

बैठक में किसान मनोहर यादव, संजय सिंह परिहार, आकाश परिहार, रोहित सागर, शिवकुमार उपाध्याय, गोपाल साहू, सचिन कश्यप कलेश्वर साहू कैलाश साहू, राकेश साहू, शिवकुमार बंजारा, हीरा कश्यप, विमलेश कुमार माथुर, कन्हैया बेस, केशव परिहार, इंद्र दमन सिंह, सत्येंद्र केसरवानी, गया चंद्राकर, नीलकंठ विजय यादव, भरत यादव, जीवन यादव, हरिप्रसाद दिवाकर, महेंद्र गबेल, बीर सिंह, बिहारी गबेल तुलसी गबेल, लोचन यादव, राधेश्याम पुजारी, हरि भजन सिंह, गायेद कुर्रे, रूपेश गबेल, खिलेश्वर साहू, रामभरोस साहू, नीरज केशरवानी, रामनाथ सिंह, अशोक चन्द्राकर, संतोष साहू, सत्येंद्र जांगडे, आदि अपने-अपने गांव के किसान को लेकर उपस्थित हुए थे।



### डिप्टी सीएम साव सपत्नीक तीज महोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं उनकी धर्मपत्नी मीना साव 1सितंबर को दोपहर 12 बजे हाईस्कूल मैदान में तीज महोत्सव का आयोजन कर क्षेत्र की 3 हजार माताओं-बहनों को सम्मानित करेंगे। अरुण साव एवं मीना साव ने अपने क्षेत्र की तिजहारिन महिला आंगनवाड़ी सहायिका, कार्यकर्ता विहान की महिलाएं, मितानिन, निर्वाचित सरपंच जिला, जनपद के सदस्यों सहित चारों मंडल के महिला पदाधिकारी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका गरिमा दिवाकर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगी।

## पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

- बाल भारती स्कूल ने बच्चों ने किया 300 पौधों का रोपण
- साई वाटिका कॉलोनी और काली मंदिर जांजी में फैली हरियाली





पौधरोपण करते बाल भारती स्कूल के बच्चे।

**सीपत।** एनटीपीसी स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के शिक्षकों एवं छात्रों ने अपने इको क्लब के माध्यम से वन ट्री फॉर मदर अर्थ अभियान का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम, इको क्लब प्रभारी एनके शिवहरे (विज्ञान विभागाध्यक्ष), बीना निगम एवं विज्ञान शिक्षकों के मार्गदर्शन में विज्ञान इको क्लब की स्थापना की गई। कक्षा 12वीं (विज्ञान) की छात्रा चैतन्या बघेल को क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस क्लब के अंतर्गत कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लगभग 300 पौधों का रोपण विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों जैसे साई वाटिका कॉलोनी और काली मंदिर जांजी में किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री निगम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हर विद्यार्थी का यह कर्तव्य है कि वह प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान दे। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में हरियाली के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव जगाना है। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय नागरिकों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने, लगाए गए पौधों की देखभाल करने तथा समाज में हरित संदेश का प्रसार करने की शपथ ली। यह पहल विद्यालय के इको क्लब की ओर से हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय चेतना को सशक्त करने का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## विधायक लहरिया के प्रयासों से गौरव पथ निर्माण स्वीकृत



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचपेड़ी की जनता को विकास की एक और सौगात मिली है। क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया के प्रयासों से मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत कार्य की मंजूरी मिल गई है, जिसके तहत कुल 50 लाख रूपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण कार्य किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पचपेड़ी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ है। यह सड़क निक्की मेडिकल के घर से बंधवा तालाब तक बनाई जाएगी, जिसमें लगभग 50 लाख रूपये की राशि खर्च होगी। गांव में गौरव पथ निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी एवं बरसात के दिनों में सड़क और नाली की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही गांव का संपर्क मार्ग बेहतर होने से ग्रामीण विकास को भी नई दिशा मिलेगी। विधायक लहरिया ने कहा कि, ग्रामीण अंचल के हर गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। पचपेड़ी में गौरव पथ बनने से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस कार्य की स्वीकृति से गांव के लोगों में हर्ष व्याप्त है, और ग्रामीणों ने विधायक दिलीप लहरिया के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।

### थाना प्रभारी चंद्रा के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**पथरिया।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक रघुवीर सिंह चंद्रा के स्थानांतरण पर पुलिस स्टाफ, स्थानीय पत्रकार व समाज सेवियों ने विदाई दी। थाना प्रांगण में विदाई समारोह में चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने विभिन्न थानों का नेतृत्व किया है, लेकिन पथरिया के लोगों जैसा आपसी भाईचारा बहुत कम जगह दिखाई दिया। मैं हमेशा यहां के लोगों व अपने स्टाफ को याद रखूंगा। इस अवसर नगर थाना के स्टॉफ एंव पत्रकार उपस्थित रहे।

## बाइक से टकराया कुत्ता, दो गांव के लोग भिड़े

**पुलिस ने ली दोनों गांव के ग्रामीणों की बैठक**



ग्रामीणों की बैठक लेते अफसर।

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी में कुत्ते की दुर्घटना को लेकर के दो गांव में विवाद हो गया। ग्राम मनकी का युवक अपने घर से बाइक से खाम्ही जा रहा था, इसी बीच ग्राम साल्हेघोरी में उनकी गाड़ी कुत्ते से टकरा गई जिस पर कुत्ते के मालिक और युवक के बीच में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस एवं प्रशासन को दोनों गांव वालों की बैठक कर मामले को नियंत्रण में लिया गया। डिंडौरी चौकी में दोनों गांव के लोगों की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जानकरी के अनुसार घटना 29 अगस्त को मनकी के युवक से ग्राम साल्हेघोरी में एक कुत्ता बाइक से टकराकर हादसे का शिकार हो गया। इस पर विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई की नौबत आ गई। तीन दिन से लगातार विवाद होता रहा। मामला डिंडौरी चौकी तक पहुंच गया। ग्रामीणों का आरोप है कि 30 अगस्त की रात को मनकी गांव के लोगों ने साल्हेघोरी में आकर तोड़फोड़ की। जिसके बाद स्थिति तनाव पूर्ण हो गया। रविवार की सुबह साल्हेघोरी के ग्रामीण डिंडौरी चौकी पहुंच गए। दूसरी ओर मनकी के लोग भी डिंडौरी चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने अड़े रहे। फिर प्रशासन सक्रिय होकर स्थिति को नियंत्रित किया। गाँव मे एसडीएम मायानन्द चन्द्रा एवं एसडीओपी नवनीत पाटिल ने दोनों गांव के बीच शान्ति समिति की बैठक कराई एवं ग्रामीणों को शान्ति बनाने अपील की। इस दौरान एसडीएम मयानंद चंद्रा, एसडीओपी नवनीत पाटिल चिल्फी थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चन्द्रा एवं नायब तहसीलदार सीपी सोनी सहित बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहे। तहसीलदार शेखर पटेल ने बताया कि दोनों गांव के बीच विवाद को देखते हुए शांति समिति की बैठक ली गई और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई तथा आवश्यक समझाइश भी दी गई।

### ली गई है बैठक

दोनों गांव के सभी पीड़ति व्यक्तियों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। दोनों गांव के बीच शान्ति समिति की बैठक ली गई।

**-नवनीत पाटिल,**
एसडीओपी



## मनरेगा से चिस्दा को मिला नया ग्राम पंचायत भवन

**मस्तूरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत चिस्दा में ग्रामीणों के वर्षों का सपना अब पूरा हो गया है। उन्हें खुद का स्थायी पंचायत भवन मिल गया है। जहां से गांव की योजनाएं बनेगी और विकास की दिशा तय होगी। आज यह भवन केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं है, बल्कि गांव की प्रगति और एकजुटता का प्रतीक है।

अब पंचायत की बैठकें सुव्यवस्थित तरीके से होंगी, सामुदायिक कार्यक्रम आसानी से आयोजित होंगे और आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका लाभ उठा सकेगी। मनरेगा योजना के तहत निर्मित पंचायत भवन के लिए कुल 18.03 लाख रूपए की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें से कुल 16.61 लाख रुपये की राशि व्यय की गई और 1191 मानव दिवस सृजित हुए। इस भवन के निर्माण से ग्राम पंचायत की बैठकों एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों हेतु स्थायी स्थल उपलब्ध हो गया है। पूर्व में बैठक एवं पंचायत सामुदायिक कार्यक्रमों हेतु उपयुक्त स्थल के अभाव से ग्रामीणों को असुविधा होती थी, किंतु अब पंचायत भवन के निर्माण से यह समस्या दूर हो गई है। पंचायत भवन निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत के ग्रामीणों, कार्य एजेंसी, समस्त संबंधित शासकीय संस्थाओं एवं विभागों का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत कुल राशि 18.03 लाख रही, जिसमें मजदूरी राशि 4.06 लाख एवं सामग्री राशि 13.97 लाख की स्वीकृति दी गई थी।

## सड़क हादसों पर लगेगा ब्रेक: परिवहन चालक संघ ने छेड़ा शून्य दुर्घटना अभियान



सीपत टीआई को ज्ञापन सौंपते परिवहन चालक संघ के सदस्य।

**सीपत।** सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं को रोकने और ड्राइवरों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन एवं परिवहन चालक संघ ने प्रशासन से सहयोग की मांग की है। इसके लिए संघ ने थाना प्रभारी सीपत को पत्र सौंपकर विशेष पहल करने की अपील की है।

संस्था ने बताया कि उनका लक्ष्य शून्य दुर्घटना है। इसके तहत संगठन लगातार वाहन चालकों को नशा मुक्त होकर वाहन संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहा है। समय-समय पर मार्गों पर शिविर लगाकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है, जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। थाना प्रभारी टीआई गोपाल सतपथी ने कहा कि सड़क हादसों को रोकना पुलिस प्रशासन की भी पहली प्राथमिकता है। संगठन की यह पहल सराहनीय है। पुलिस हर संभव सहयोग करेगी ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने वाले ड्राइव्हर संघ के सदस्यों में रामसिंह चौहान , दादूराम यादव , इतवारी राम यादव, सुमंतदास वैष्णव , मनबोध सिंह सिदार , ईश्वर गिरी गोस्वामी शामिल रहे।



### कैलाश बने भाजपा के जिला महामंत्री

**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के लिए नई संगठनात्मक टीम की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं को टीम में शामिल किया है।नई टीम में छह जिला उपाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिला महामंत्री की जिम्मेदारी गुरमीत सलूजा और कैलाश सिंह ठाकुर को दी गई है। भाजपा में नई टीम का ऐलानःजिला अध्यक्ष दीनानाथ ने की उपाध्यक्ष समेत कई पदों पर नियुक्तियां, युवा और महिलाओं को मौका मिला है।

## भठली कला में 11 दिवसीय श्रीराम चरित मानस प्रवचन

**जरहागांव।** श्रीराम जानकी मंदिर कश्यप भवन भठलीकला में 27 अगस्त से 11 दिवसीय श्रीराम चरित मानस प्रवचन का आयोजन किया गया है। तीसरे वर्ष आयोजित प्रवचन का कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक किया जाता है।

प्रवचन हेतु क्षेत्र के कथाकार पं.शिवकुमार पाण्डेय पीपरखुंटी वाले एवं महेत्तर राम कश्यप बटहा वाले को आमंत्रित किया गया है। उनके द्वारा श्रीराम के चरित्रों को सुंदर कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। आसपास क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से श्रद्धालु कथा सुनने स्थल में उपस्थित हो रहे हैं। कार्यक्रम के संचालक दुकालू राम कश्यप, कोषाध्यक्ष चरण कश्यप, आयोजन समिति देवीराम साहू सरपंच, भुनेश्वर कश्यप, गोविंद साहू, रामकुमार जायसवाल, भरतलाल, गोकुल, रामनाथ यादव, गनेश, घनश्याम, भागीरथी, तुलाराम यादव आदि हैं। प्रवचन में उमेश कश्यप, अशोक कश्यप जरहागांव, कमलेश्वर साहू लोहडिया, सदाराम, हीराराम यादव, भानु, परदेसी, राजेन्द्र ठाकुर, डा. संतोष सहित अन्य श्रोता उपस्थित रहे।



कार्यालय नायब तहसीलदार उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

मा.क्र. सन 2024-25 अ-6-अ ग्राम सकर्रा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकर्रा प.ह.न. 39 उपतहसील सकर्रा जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरूण कुमार पिता स्व. विनोद कुमार निवासी बिलासपुर के द्वारा आवेदन पेश किया है कि इन्सपायर इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. डायरेक्टर विशाल कुमार जैन के द्वारा ग्राम सकर्रा स्थित भूमि ख.न. 783/1 रकबा 0.25 एकड भूमि का रजिस्ट्रीकरण 25.06.2015 को इन्सपायर इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. डायरेक्टर विशाल कुमार जैन के नाम पर किया गया है। वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में अनावेदक तुकाराम साहू का नाम प्रदर्शित हो रहा रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 10.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील सकर्रा, तहसील सकरी